nt>

Title: Need for construction of underground and over-bridges on Palanpur-Shyamkhali and Jodhpur-Bhilari railway line. − Laid

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा के मुख्यालय पालनपुर से श्यामखली एवं जोधपुर से भिलड़ी के बीच, जो रेलवे ब्राडगेज लाइन बन रही है, उसमें कई जगह ऐसी हैं, जहां पर भूमिगत पुल एवं उपरी पुल बनाए जाने की आवश्यकता है क्योंकि कई क्षेत्रों में रेलवे लाइन सड़क मार्गो से ऊंची है और कई जगह नीची है। इससे दो फायदे होंगे - एक तो आवागमन के यातायात में कोई बाधा नहीं होगी और दूसरी ओर न तो रेलवे गेट और न ही उन पर चौकीदार रखने की आवश्यकता होगी। यह रेलवे के हित में और जनता के हित में भी है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन कार्यो पर गंभीरता से विचार किया जाये।